तापमान

अधिकतम 33.2 डिग्री


न्यूनतम 21.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, रविवार 2 मार्च 2025

14 नगर के भीतर भारी वाहनों के कारण बार-बार जाम ...



14 चिरको महाविद्यालय में प्रोजेक्ट वर्किंग मॉडल ...





## खबर संक्षेप

### मां-बेटे से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम बड़ेडाभा के युवक व उसकी मां के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। रिपोर्ट पर बसना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को विजयलाल बारिक निवासी ग्राम बड़ेडाभा ने बताया कि 27 फरवरी की रात को वह अपनी मां के साथ पुराना घर से ग्राम बड़ेडाभा से छोटेपटनी जाने का मार्ग पर स्थिति निर्माणाधीन मकान रात में रखवाली करने के लिए आ रहा था। रात करीब 9 बजे निर्माणाधीन मकान के पास गांव के नीलांबर बारीक उर्फ पकलू आकर बोला कि तुम लोगों ने अपनी लड़की की शादी पिंटू कोसरिया के साथ क्यों कर दी। ऐसा कहकर वह गाली गलौज करते हुए लोहे का चाकूनुमा वस्तु से वार कर दिया। जिससे बांये हाथ की हथेली, सीने में व बांये पैर में चोट लगी है। इस दौरान मां लछन बारीक बीच बचाव करने आई तो उसके साथ भी मारपीट की गई। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।



### प्रतिबंध हार्न पर 33 सौ का जुर्माना

**सरायपाली।** दुपहिया वाहनों को मॉडिफाइड कर तेज आवाज के साथ सड़कों पर दौड़ाने वाले वाहन चालकों की अब खैर नहीं है। इस प्रकार के वाहनों पर पुलिस द्वारा कार्रवाई शुरू कर दी गई है। थाना प्रभारी अमित शुक्ला द्वारा एक बुलेट वाहन पर कार्रवाई करते हुए 3300 का चालान काटा गया है। वहीं थाना प्रभारी शुक्ला ने समस्त शहरवासियों व क्षेत्रवासियों से भी अपील की है कि वे सड़कों पर इस तरह से किसी भी वाहनों को ना चलाएं, जिससे आमजनों को किसी प्रकार की परेशानी हो। विशेष रूप से वहां के साइलेंसर को मॉडिफाइड कर तेज आवाज के साथ बाइक चालकों को उन्होंने विशेष चेतावनी देते हुए इस प्रकार के वाहन पाए जाने पर सख्त कार्रवाई करने की बात कही है।

# हिंदी के पेपर से बारहवीं बोर्ड की परीक्षाएं शुरू, दसवीं की कल से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छग माध्यमिक शिक्षा मंडल की 12वीं बोर्ड परीक्षा आज से शुरू हो गई। कक्षा 12वीं का आज हिंदी विषय का पहला पर्चा था। परीक्षा के बाद परीक्षा केंद्रों से निकले परीक्षार्थियों के चेहरे का सुकुन बता रहा था कि पर्चा अच्छा गया। अब तीन मार्च से कक्षा 10 वीं की बोर्ड परीक्षा हिंदी विषय के पर्चे से शुरू होगी। बता दें कि आज से बोर्ड परीक्षा की शुरूआत हो गई है। परीक्षा में नियमित तथा स्वाध्यायी विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं। आज से 12वीं बोर्ड की परीक्षा की शुरूआत हिंदी विषय से हुई। परीक्षा केंद्रों से निकले परीक्षार्थियों के चेहरे पर मुस्कान थी। विद्यार्थियों ने बताया कि हिंदी का पर्चा सरल था जिससे हल करने में कोई खास कठिनाई नहीं हुई। पर, गणित, विज्ञान, वाणिज्य के लिए उन्हे काफी मेहनत करनी पड़ेगी। उन्होंने बताया कि बोर्ड परीक्षा से पहले हुई प्री बोर्ड परीक्षा के चलते बोर्ड का पैटर्न समझने में आसानी हुई साथ ही बोर्ड परीक्षा से पहले पूरे साल की पढ़ाई का आंकलन हुआ जिसके आधार पर बोर्ड परीक्षा की तैयारी में मदद मिली।

## विद्यार्थियों ने कहा-प्री बोर्ड परीक्षा के चलते बोर्ड का पैटर्न समझने में हुई आसानी

### पिछले साल की तुलना में विद्यार्थी हैं कम

वर्तमान शिक्षा सत्र में कक्षा 10वीं की परीक्षा के लिए 12658 विद्यार्थियों ने आवेदन दिया है, पिछले साल इनकी संख्या 14127 थी। यानि गत वर्ष से इस साल 1469 परीक्षार्थी कम हैं। इसी तरह इस साल 12वीं की परीक्षा के लिए कुल 9176 ने परीक्षा फॉर्म भरे हैं। गत वर्ष यह संख्या 10428 थी। इस कक्षा के लिए भी इस साल गत वर्ष की अपेक्षा 1252 कम विद्यार्थी हिस्सा ले रहे हैं।



### उड़नदस्ता करेगा निगरानी

विभागीय अफसरों ने बताया कि बोर्ड परीक्षा में किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो इसके लिए जिला स्तर पर पांच उड़नदस्ता दल बनाया गया है। एक उडनदस्ता दल में पांच कर्मचारी होंगे। इसी तरह तहसील स्तर पर भी पांच दल, प्रत्येक दल में तीन कर्मचारी होंगे जो परीक्षा के समय निगरानी करेंगे।

मालूम हो कि इस साल कक्षा 12 वीं की बोर्ड परीक्षा में कुल 9 हजार 176 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। वहीं 10वीं की बोर्ड परीक्षा तीन मार्च से शुरू होगी। इस बार 10वीं में कुल 12 हजार 658 परीक्षार्थी हिस्सा लेंगे। इस साल छग माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी समय सारिणी के अनुसार आज से 12 की परीक्षा शुरू हुई जो 28 मार्च तक चलेगी। इसी प्रकार 10 वीं की परीक्षा तीन मार्च से शुरू होकर 24 मार्च तक चलेगी। उक्त बोर्ड परीक्षाएं जिले के 115 परीक्षा केंद्रों में संपन्न होगी जिसमें 2 हाईस्कूल और 113 हायर सेकंडरी स्कूल के केंद्र शामिल हैं। इस साल विकासखंड बागबाहरा में दो नया परीक्षा केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लमकेनी और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बकमा को शामिल किया गया है।

## घटना : सुबह 5 बजे की घटना, दुकान में धुआं उठता देख दुकानदार को दी जानकारी

# आग लगने से बालाजी एजेंसी में लाखों का सामान खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के रामदेव मंदिर के पास स्थित श्री बालाजी एजेंसी में

- संचालक के आने के बाद दुकान का शटर खोला गया और मोहल्लेवासियों की मदद से आग बुझाने का किया प्रयास

शनिवार को सुबह करीब पांच बजे आग लग गई। मोहल्लेवासियों ने दुकान से धुंआ निकलता देखा तो दुकान मालिक को इसकी सूचना दी गई। संचालक द्वारा तत्काल



दुकान का शटर खोला गया और मोहल्लेवासियों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया गया। सूचना पर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक लाखों के बिजली सामान जलकर खाक हो चुके थे। एजेंसी के संचालक बसंत लूनिया ने बताया कि आग संभवतः शार्ट सर्किट से लगी है, क्योंकि दुकान के सभी बिजली के स्वीच ऑफ थे केवल सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर ऑन था। आग से लगभग 5 से 7 लाख का सामान जल गया है। कोतवाली टीआई शरद दुबे ने बताया कि आग लगने की सूचना पर गए थे अभी पंचनामा नहीं हुआ है।







## तोड़फोड़ की शिकायत, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के गंजपारा स्थित काली मंदिर में तोड़फोड़ की शिकायत कोतवाली थाना में की गई है। मंदिर के पूजा पाठ कर्ता-धर्ता सतीश गोंडाने ने कोतवाली थाना से की गई शिकायत में बताया है कि 28 फरवरी को रात्रि 11 से 11:30 बजे वार्ड नं. 19 गुजराती पारा निवासी राजू सोनी पिता स्व. रामसजीवन सोनी के द्वारा नशे में धुत होकर अश्लील गाली गलौज करते हुए मंदिर परिसर में लगे पीने का पानी टंकी को तोड़फोड़ कर बिजली वायर खींचकर एवं सीढ़ी एवं जाली तार को भी तोड़कर क्षति पहुंचाया है। मेरी पत्नी एवं पुत्र के मना करने पर गाली-गलौज कर मारपीट करने उतारू हो गया। जिसकी जानकारी पुलिस पेट्रोलिंग को दिए जाने के बाद पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची।

शिकायतकर्ता ने बताया है कि पूर्व में भी 08 सितंबर 2019 को राजू सोनी पिता स्व. रामसजीवन सोनी के द्वारा मंदिर एवं मंदिर परिसर से लगे मेरे घर में भी तोड़फोड़ किया गया था। जिसकी लिखित शिकायत भी मेरे द्वारा किए जाने के बाद एसपी जितेंद्र शुक्ला के द्वारा महापात्रो साहब से जांच कराकर नोटरी के समक्ष समझौता कराया गया था।

जिसका पूर्ण विवरण थाना महासमुंद के रजिस्टर में दर्ज है। प्रार्थी द्वारा घटना की रिपोर्ट पर राजू सोनी पिता स्व. रामसजीवन सोनी के विरूद्ध उचित कानूनी कार्रवाई करने तथा मुझे एवं मेरे परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित कराए जाने की मांग की है।

# हाईवे में डिवाइडर से टकरा कार पलटी, बाल-बाल बचा चालक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अत्यधिक तेज रफ्तार से रायपुर की ओर से आ रही कार डिवाईडर से टकराकर पलट गई। नेशनल हाईवे में घोड़ारी के पास महानदी पुल से पहले शनिवार सुबह हुई इस घटना में चालक को मामूली चोटें आई हैं।

जानकारी के अनुसार कार क्रमांक सीजी 04 ओडी 9098 रायपुर से महासमुंद की ओर आ रही थी। प्रत्यदर्शियों ने बताया कि दुर्घटना की वजह अत्यधिक रफ्तार थी। बता दें कि महानदी पुल के दोनों ओर फल और सब्जी की अस्थाई दुकानें सड़क की दोनों ओर लगती है। जिसके चलते लोग सड़क पर लापरवाही पूर्वक वाहन खड़ी कर खरीदी करते हैं। संभावना है कि चालक द्वारा दुर्घटना के डर और ब्रेक मारने पर तेज रफ्तार कार पलट गई।

मालूम हो कि राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर होने वाली सड़क हादसों को रोकने और राहगीरों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए नदी मोड़ से सरायपाली तक मार्ग के दोनों किनारे अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ टोल प्रबंधन की कार्रवाई लगातार जारी है। लेकिन आरंग प्रशासन के असहयोग के चलते महानदी पुल के मुहाने पर सड़क की दोनों ओर कब्जा कर दुकानें संचालित करने वालों पर कार्रवाई नहीं हो पा रही है। जिससे आए दिन छोटे-मोटे हादसे हो रहे हैं। कब्जा हटाने को लेकर टोल प्रबंधन ने रायपुर कलेक्टर, तहसीलदार, एसडीएम और थाना प्रभारी को कई पत्र लिखा है पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। मालूम हो कि एनएच-53 के चौड़ीकरण के दौरान महानदी पर महासमुंद-रायपुर जिला को जोड़ने पुल का निर्माण कराया गया है। बाद पुल के मुहाने पर (आरंग क्षेत्र) शुरूआत में ही इक्का-दुक्का फुटकर व्यावसायियों ने एनएच पर गर्मी के दिनों में खीरा, ककड़ी, तरबूज और अन्य मौसमी फलों की अस्थायी दुकानें लगानी शुरू कर दी। समय बीतने के साथ ही यहां अब राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर लगभग एक दर्जन से भी अधिक दुकानें संचालित हो रही हैं। इन दुकानों से खरीदी के लिए एनएच के दोनों ओर लोग वाहनों को बेतरतीब खड़ा करते हैं और सड़क पर खड़े होकर खरीदी करते हैं जिससे अक्सर छोटे-मोटे हादसे हो रहे हैं और बड़ा हादसा होने की आशंका बनी रहती है।

# कोमाखान रेलवे स्टेशन से 3 लाख से ज्यादा का गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कोमाखान पुलिस ने रेलवे स्टेशन से एक व्यक्ति के पास से 3.15 लाख रुपए का 21 किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति दो सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी के अंदर अवैध मादक पदार्थ गांजा के साथ रेलवे स्टेशन कोमाखान में ट्रेन का इंतजार करता हुआ बैठा है। इसके बाद पुलिस टीम उक्त संदेही व्यक्ति के पास पहुंची। पूछताछ करने पर संदेही ने अपना नाम आनंद कुमार सिंह पिता सुरेंग्प नाथ सिंह (47 साल) मोटेर खलिहाभांठा थाना कलमपुर जिला कालाहांडी (ओडिशा) का रहने वाला बताया। गांजा के संबंध में आरोपी ने बताया कि वह अपने गांव मोटेर खलियाभांठा के जंगली पहाड से थोड़ा-थोड़ा गांजा इकट्ठा कर भिलाई नगर (दुर्ग) छग में रहने वाले अपने गांव के नावा तांडी पिता आशाराम तांडी (55 साल) मोटरे खलियाभांठा थाना कलमपुर जिला कालाहांडी के पास लेकर जा रहा था।

आरोपी ने बताया कि नावा तांडी छग में चुनाव के चलते आचार संहिता लगने के बाद गांव आया था, तथा मुझसे संपर्क कर गांजा लाने के लिए नगद 20, 000 रुपए दिया था तथा बाकी पैसा गांजा को भिलाई लाने के बाद देने की बात कही थी। इसके बाद वह गांजा लेकर भिलाई दुर्ग के लिए निकला था पुलिस ने आरोपी के कब्जे से दो बोरियों 10 व 11 किलोग्राम कुल 21 किलोग्राम गांजा कीमत 3 लाख 15 हजार को जब्त किया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# पुलिस अभिरक्षा से भागे चोरी के आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

डॉक्टरी मुलाहिजा कराकर वापस लौटने के दौरान पुलिस अभिरक्षा से भाग निकले चोरी के आरोपी के खिलाफ बागबाहरा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है।

बागबाहरा पुलिस ने बताया कि अपराध क्रमांक 45/2025 अंतर्गत धारा 331(4), 305(ए), 3(5) बीएनएस की विवेचना के दौरान आरोपी राहुल पटेल तथा 2 विधि के विरूद्ध संघर्षरत बालकों की निशानदेही पर चोरी का सामान बरामद कर जब्त किया गया था। इस प्रकरण में आरोपी राहुल पटेल को 27 फरवरी को 10 बजे गिरफ्तार कर बागबाहरा में हवालात रखा गया था तथा विधि के विरूद्ध संघर्षरत 2 किशोरों को निरूद्ध कर रात्रिकालीन विधिपूर्ण संरक्षण प्रवास हेतु बाल संप्रेक्षण गृह, महासमुंद भिजवाया गया था।

28 फरवरी को उक्त प्रकरण के विधि के विरूद्ध संघर्षरत 2 किशोरों को बाल संप्रेक्षण गृह महासमुंद से वापस बागबाहरा लाए जाने के पश्चात प्रकरण में गिरफ्तार आरोपी राहुल पटेल के साथ न्यायालय के समक्ष न्यायिक रिमांड पर प्रस्तुत कराए जाने से पूर्व उनके मुलाहिजा तथा स्वास्थ्य परीक्षण थाना बागबाहरा में कर्तव्यस्थ वरिष्ठ आरक्षक कृष्ण कुमार पटेल, लालू राम धुर्वे तथा 50 राहुल वर्मा के साथ शासकीय वाहन से 12 बजे पुलिस स्टेशन से सीएचसी बागबाहरा लाया गया था। 1.30 बजे आरोपियों को डॉक्टरी मुलाहिजा कराने के बाद वापस थाना लाया जा रहा था, इसी दौरान नरबदी स्कूल बागबाहरा के पास में आरोपी राहुल पटेल पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया। पतासाजी करने पर नहीं मिलने पर आरोपी राहुल पटेल पिता परदेशी पटेल, (18 साल 10 माह) निवासी थाना पारा, बागबाहरा के खिलाफ धारा 262 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## बिंदुवार जानकारी देने के बाद भी ईडी ने दफ्तर में कांग्रेस नेता को घंटों बैठाया

# ईडी व केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेसियों ने फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर महासमुंद कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) व केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार का पुतला दहन किया। प्रवर्तन निदेशालय द्वारा प्रदेश कांग्रेस को जारी समन के आधार पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री द्वारा बिंदुवार जानकारी उपलब्ध कराए जाने के पश्चात भी जबरदस्ती ईडी कार्यालय में घंटों बैठाया गया और आगामी 3 मार्च को पुनः ईडी कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। प्रवर्तन निदेशालय भारतीय जनता पार्टी का अनुसांगिक संगठन की भांति कार्य कर रहा है। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ दुर्भावनापूर्ण व्यवहार कर प्रताड़ित करने का प्रयास कर रही है। जिसके विरोध में महासमुंद कांग्रेस कमेटी द्वारा नेहरू चौक में ईडी व भाजपा का पुतला दहन कर विरोध दर्ज किया गया और प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों को चेताया गया कि सत्ता के इशारों पर काम करना बंद करें, वरना जब सत्ता परिवर्तन होगा तब कर्मचारी वही रहेंगे, पर सत्ता पर बैठे लोग जब बदलेंगे तब ईडी के अधिकारी-कर्मचारियों को बहुत कुछ झेलना पड़ सकता है।



### यह रहे इस दौरान मौजूद

पुतला दहन के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, खिलावन बघेल शहर अध्यक्ष, खिलावन साहू ग्रामीण अध्यक्ष, दाऊलाल चंद्राकर, कृष्ण चंद्राकर, लक्ष्मी देवांगन, मनोजकांत साहू, गौरव चंद्राकर, गुरमीत चावला, प्रदीप चंद्राकर, निर्मल जैन, कविता तिवारी, ममता चंद्राकर, लक्ष्मी सोनी, सोनम रामटेके, ईशा टंडन एवं पार्षदगण विजय साव, सूरज नायक, मुस्ताक विक्की खान, जय देवांगन, गुलशन साहू, टोमन सिंग कागजी, मिंदर चावला, कातिका पैकरा, पिंकी बघेल, नुकेश महंत, देवेश शर्मा, शाहबाज राजवानी, अक्षय साकरकर, अजय थवाईत, सतीश कन्नौजे, पूर्व पार्षद राजेश नेताम, गोविंद चंद्राकर, सचिन गायकवाड, तबरेज खान, जब्बार चंद्राकर, राजा झलप, दीपक शेट्टी, वेद प्रकाश साहू, बसंत चंद्राकर, गोपाल चंद्राकर, अमित, कृष्णा, हितेंद्र सिंह, रवि ध्रुव, दीपेश रामटेके, भानु सोनी एवं अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### स्कूलों का किया गया औचक निरीक्षण

**सरायपाली।** बीआरसीसी सतीश स्वरूप पटेल द्वारा सरायपाली विकासखंड के शासकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला जंगलबेड़ा, प्राथमिक शाला राजाडीह, प्राथमिक शाला गोहरापाली, प्राथमिक एवं उप्राशा तोरेसिंहा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी स्कूलों को विद्यार्थी विकास सूचकांक कक्षावार प्रदर्शित कर जो बच्चे दक्षता में कमजोर स्तर पर हैं उन पर विशेष फोकस करते हुए तथा अतिरिक्त कक्ष लगाकर पूर्ण दक्ष बनाने पर जोर दिया। अनुदान मद में प्राप्त राशि का नियमानुसार उपयोग करने के लिए प्राथमिकता तय करते हुए राशि को शाला विकास में खर्च करने की हिदायत दी। सभी शालाओं में जादुई पिटारा का निर्माण कर उसका शिक्षण में समुचित उपयोग हेतु टिप्स दिए। निर्माण कार्य गुणवत्ता युक्त हो, के लिए प्रधान पाठकों को विशेष ध्यान देने की सलाह दी। प्राथमिक शाला राजाडीह के बच्चों के गुणवत्ता की जांच की गई। जिसमें बच्चों की उपलब्धि स्तर को देखकर बहुत खुश नजर आए। कक्षा दूसरी से ऊपर के सभी बच्चे पुस्तक आसानी से पढ़ पा रहे थे एवं गणितीय सवालों का आसानी से जवाब दे रहे थे। साथ ही सामान्य ज्ञान के प्रश्नों को भी बहुत अच्छे से बताया।

पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप

### महाराष्ट्र मंडल के सदस्यों ने देखी फिल्म 'छावा'

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले, सचिव चेतन गोविंद दंडवते, मुख्य समन्वयक श्याम सुंदर खंगन के साथ पूरी कार्यकारिणी, विभिन्न समितियों के पदाधिकारियों, 16 केंद्रों की संयोजिकाओं, सह संयोजिकाओं के साथ बड़ी संख्या में आजीवन सभासदों ने पंडरी स्थित सिटी मॉल सेंटर के पीवीआर मल्टीप्लेक्स में गुरुवार को फल्मि 'छावा' देखी। सभी ने लक्ष्मण उतेकर निर्देशित फल्मि छावा की प्रशंसा की और संभाजी राजे के प्रभावी रोल में विक्की कौशल के अभिनय की जमकर तारीफ की। समूचे महाराष्ट्र मंडल ने इस फल्मि को टैक्स फ्री करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया। मंडल अध्यक्ष अजय काले ने कहा कि छत्रपति संभाजी महाराज पर आधारित ऐतिहासिक वीर गाथा फिल्म छावा को राज्य में टैक्स फ्री घोषित किया है। लोग इस प्रेरक फल्मि को देखने के लिए उत्सुक होंगे। 'छावा' से लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत होगी। सचिव चेतन दंडवते ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन भी चाहता है कि 'छावा' देखकर प्रदेश के युवा न केवल राष्ट्रप्रेम के मायने को समझें, बल्कि अपने व्यक्तित्व में भी संभाजी राजे वाला जज्बा लाएं।

### प्रति व्यक्ति आय 9.37 प्रतिशत बढ़ी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में प्रति व्यक्ति आय पिछले साल के मुकाबले बढ़कर 2024-25 में 1 लाख 62 हजार 870 रुपए होने का अनुमान है। पिछले वर्ष के मुकालबे यह वृद्धि 9.37 प्रतिशत है। यह जानकारी शुक्रवार को राज्य विधानसभा में प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण में कही गई है। राज्य की विकास दर 2024-25 में 7.51 प्रतिशत होने का अनुमान भी इसी सर्वेक्षण रिपोर्ट में लगाया गया है। प्रति व्यक्ति आय निवल राज्य घरेलु उत्पाद को प्रोजेक्टेड जनसंख्या से भाग देकर निकाला जाता है। वर्ष 2024-25 में प्रति व्यक्ति आय 1 लाख 62 हजार 870 रुपए अनुमानित है। जबकि 2023-24 में यह 1 लाख 48 हजार 922, रही थी।

इस हिसाब से प्रति व्यक्ति आय 9.37 प्रतिशत बढ़ी है। इससे पहले 2019-20 में यह 1 लाख 6 हजार 611, 2020-21 में 1 लाख 6 हजार 117, 2021-22 में 1 लाख 23 हजार 493, 2022-23 में 1 लाख 34 हजार 996, 2023-24 में 1 लाख 48 हजार 922 रुपए थी।

### किशोरी का अश्लील वीडियो बनाकर रेप, दस वर्ष कैद

**रायपुर।** कबीर नगर थाना क्षेत्र में तालाब में नहाती हुई किशोरी का अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर रेप के आरोपी को कोर्ट ने 10 वर्ष कैद तथा तीन हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सोम के फास्ट ट्रैक कोर्ट में हुई है। लोक अभियोजक विमला तांडी के मुताबिक कोर्ट ने दिनेश कुमार सोनी को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। किशोरी ने पांच फरवरी 2019 को दिनेश के खिलाफ थाने में ब्लैकमेल कर रेप करने की शिकायत दर्ज कराई थी। कोर्ट में पेश केस डायरी के मुताबिक किशोरी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि रिपोर्ट दर्ज कराने के एक माह पूर्व दिनेश ने तालाब में नहाते हुए उसका अश्लील वीडियो बना लिया था।

# इंजीनियरिंग छात्रों को अपडेट रखने प्राध्यापकों को मिलेगी ट्रेनिंग, सिखाई जाएगी नई तकनीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

इंजीनियरिंग छात्रों को अध्यापन कार्य कराने वाले प्राध्यापकों के लिए स्पेशल ट्रेनिंग प्रोग्राम संचालित किया जाएगा। ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजूकेशन अर्थात एआईसीटीई यह पहल कर रहा है। कोर इंजीनियरिंग सब्जेक्ट से संबंधित फैकल्टी मेंबर्स के एकेडमिक डेवलपमेंट के लिए ''एआईसीटीई-क्यूआईपी-पीजी सर्टिफिकेट प्रोग्राम इन इमर्जिंग एरियाज'' लॉन्च किया गया है। इसके माध्यम से कोर इंजीनियरिंग सब्जेक्ट जैसे-मैकेनिकल, सिविल, इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स, केमिकल आदि के फैकल्टी मेंबर्स को टेक्नोलॉजी के उभरते क्षेत्रों में विशेषज्ञता प्रदान की जाएगी, जिससे वह इन कोर्स के स्टूडेंट्स को प्रभावी रूप से पढ़ाने में सक्षम हो सकें। एआईसीटीई ने खास तरह के इस कोर्स में प्रवेश के लिए योग्यता भी निर्धारित की है। मान्यता प्राप्त संस्थानों में अध्यापन कार्य करने वाले और कम से कम 5 साल पढ़ाने का अनुभव रखने वाले इस सर्टिफिकेट प्रोग्राम के लिए आवेदन करने के लिए पात्र हैं। किसी भी होस्ट इंस्टिट्यूट में कोर्स के लिए नामांकित होने वाले मैक्सिमम 50 फैकल्टी मेंबर से कोई फीस नहीं लिया जाएगा।

■ पांच साल अध्यापन करा चुके शिक्षक को ही मिलेगा इसमें प्रवेश

### इंजीनियरिंग महाविद्यालयों के प्राध्यापकों के लिए स्पेशल ट्रेनिंग प्रोग्राम

#### प्राध्यापकों का अपडेट रहना जरूरी

एआईसीटीई का कहना है कि यह पहल जरूरी है क्योंकि इंजीनियरिंग में उभरते क्षेत्र लगातार डेवलप हो रहे हैं जिससे शिक्षकों को अपडेट रहने की जरूरत है। यह प्रोग्राम शुरू करने का उद्देश्य फैकल्टी मेंबर्स को छात्रों को इन उभरते क्षेत्रों को प्रभावी ढंग से पढ़ाने के लिए जरूरी ज्ञान और स्किल से युक्त करना है। इससे न केवल फैकल्टी मेंबर्स को उनकी विशेषज्ञता बढ़ाकर फायदा मिलेगा, बल्कि देश में इंजीनियरिंग एजुकेशन की ओवरऑल क्वालिटी बढ़ाने में भी योगदान मिलेगा।



#### तीन चरणों में विभाजन

एआईसीटीई सर्टिफाइड संस्थानों को काउंसिल के पास आवेदन जमा करना होगा। प्रोग्राम कंटेंट को तीन फेज जागरूकता, विशेषज्ञता और अनुप्रयोग में बांटा गया है। 18 क्रेडिट के प्रोग्राम में थ्योरी, प्रैक्टिकल, प्रोजेक्ट आदि शामिल हैं। इंडस्ट्री सेक्टर के एक्सपर्ट को भी इसमें शामिल किया गया है ताकि शिक्षक आज की इंडस्ट्री की जरूरतों और ट्रेंड्स से अपडेट रहें। इस पहल का उद्देश्य इंजीनियरिंग और टेक्निकल एजूकेशन फैकल्टी के टीचिंग मैथ्ड्स को एडवांस बनाना है ताकि स्टूडेंट्स को हाई गुणवत्ता वाली टेक्निकल एजूकेशन मिल सके।

## मिलरों को नोटिस देने की तैयारी में विभाग

# डेढ़ लाख टन धान सोसाइटियों में हुआ जाम, उठाव के लिए अंतिम 2 दिन शेष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर जिले के धान उपार्जन केंद्र समितियों में अभी भी डेढ़ लाख टन धान जाम पड़ा हुआ है, जबकि धान उठाव की अंतिम तारीख 28 फरवरी तय की गई है। इस तरह सोसाइटियों से धान का उठाव के लिए मिलरों के पास अब सिर्फ दो दिन ही बचे हैं। इधर निर्धारित समय-सीमा में सोसाइटियों से धान का उठाव नहीं करने वाले मिलरों के खिलाफ खाद्य विभाग अब सख्ती दिखा सकता है। अनुबंध के अनुसार जिन मिलरों ने 50 प्रतिशत से कम धान का उठाव किया है, ऐसे मिलरों को नोटिस भेजने की तैयारी की जा रही है।

रायपुर जिले में इस बार 2134852.46 क्विंटल धान का डीओ कस्टम मिलरों को जारी किया गया है। इसकी तुलना में मिलरों ने अब तक 1809242.19 क्विंटल धान का उठाव सोसायटियों से किया है, वहीं 325610.27 क्विंटल धान का उठाव नहीं किया गया है। शेष धान अभी भी सोसायटियों में जाम है। इधर मिलरों को सोसायटियों से धान के उठाव लिए 28 फरवरी तक का समय दिया गया है। इसके बाद भी मिलरों ने शत प्रतिशत धान का उठाव नहीं कर पाए हैं।



**समय-सीमा में धान उठाव के दिए हैं निर्देश**

धान उठाव को लेकर मिलरों की बैठक ली गई है। इस बैठक में सभी मिलरों को समय-सीमा में धान के उठाव के निर्देश दिए गए हैं। जरूरत पड़ने पर मिलरों को नोटिस भी जारी किया जाएगा।

- भूपेंद्र मिश्रा
खाद्य नियंत्रक, खाद्य विभाग रायपुर

#### *लगभग 100 मिलर 50 प्रतिशत भी नहीं कर पाए हैं धान का उठाव*

*रायपुर जिले में कुल 238 है जिनके द्वारा धान का उठाव करने के लिए विभाग से अनुबंध किया है। इनमें लगभग 100 मिलर ऐसे हैं जो 50 प्रतिशत से भी कम धान का उठाव किए हैं। ऐसे मिलरों के नाम की विभाग सूची बनाकर उन्हें नोटिस जारी करने की तैयारी कर रहा है।*

#### *बैठक में अधिकारी दे चुके है निर्देश*

*मिलरों द्वारा सोसायटियों से धीमी गति से किए जा रहे धान के उठाव को लेकर जिला खाद्य अधिकारी ने करीब 5 दिन पूर्व मिलरों की बैठक ली थी। इस बैठक में उन्होंने सभी मिलरों को धान उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिए थे। साथ ही तय समय-सीमा में धाव का उठाव नहीं करने पर उन्हें नोटिस जारी करते हुए कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी थी। इस बैठक के दौरान जिले में करीबन ढाई लाख टन धान का उठाव शेष था। बैठक के बाद धान उठाव में तेजी तो आई है, जिससे इन दिनों में करीब एक लाख टन धान का उठाव भी हुआ है, लेकिन अभी भी करीब डेढ़ लाख टन धान सोसायटियों में पड़ा हुआ है। शेष बचे धान को उठाव के लिए अब सिर्फ दो दिन ही शेष बचे हैं।*

# फरवरी के अंतिम दिन सबसे गर्म रही राजधानी पारा 37 के करीब पहुंचा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

फरवरी के अंतिम दिन राजधानी रायपुर ने गर्मी के मामले में अन्य शहरों को पीछे छोड़ दिया। शुक्रवार को यहां का अधिकतम तापमान 37 डिग्री रिकार्ड किया गया। पश्चिमी विक्षोभ की वजह से छाए हल्के बादलों की वजह से रात का तापमान भी अन्य शहरों की तुलना में अधिक दर्ज किया गया है। फरवरी का महीना ठंडी गर्मी के बीच बीत गया है। मार्च के महीने में अगर पश्चिमी विक्षोभ अपना ज्यादा असर नहीं दिखाता है, तो गर्मी अपना प्रभाव दिखाएगी।

■ रात के तापमान के मामले भी रायपुर अव्वल

#### मौसम शुष्क रहने की संभावना

मौसम विभाग द्वारा मार्च से लेकर मई के बीच सामान्य से अधिक गर्मी रहने और लू के दिनों की संख्या भी अधिक रहने की संभावना जताई गई है। महीने के अंतिम दिन राजधानी में 37 डिग्री की गर्मी रही, वहीं पिछले चौबीस घंटे में रात का पारा 19 डिग्री पर रहा। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार वर्तमान में पश्चिमी विक्षोभ उत्तर में स्थित है। इसके प्रभाव से एक चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पश्चिमी राजस्थान और उससे लगे पाकिस्तान के ऊपर विस्तारित है। विक्षोभ की वजह से रात में हल्के बादल रहने, मगर मौसम शुष्क रहने की संभावना है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में हल्की वृद्धि का दौर बने रहने का अनुमान है। पिछले चौबीस घंटे में राज्य के मौसम में बड़ा बदलाव नहीं हुआ।


# पदभार ग्रहण से पहले महापौर पहुंची निगम दफ्तर, अधिकारियों से की अनौपचारिक चर्चा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नवनिर्वाचित महापौर मीनल चौबे ने पदभार ग्रहण करने से पहले ही निगम की बागडोर संभाल ली है। महापौर शुक्रवार को निगम मुख्यालय पहुंचीं और श्रीगणेश की प्रतिमा की पूजा-अर्चना करने के बाद कमिश्नर अबिनाश मिश्रा की उपस्थिति में अधिकारियों के साथ बैठक की। यह बैठक जरूर अनौपचारिक रूप से थी, लेकिन महापौर ने बैठक में अधिकारियों को इसकी जानकारी दी कि आगामी दिनों में कौन-कौन सी योजना एवं कार्यों को प्राथमिकता देना है।

निगम मुख्यालय महात्मा गांधी सदन के तृतीय तल सभाकक्ष में आयोजित अनौपचारिक बैठक में अधिकारियों को कहा कि जनता के सुझावों से जनता की सुविधाओं के लिये काम करना है। उन्होंने कहा कि निगम अधिकारी अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहें, तो रेवेन्यू अपने आप जनरेट होगा। महापौर ने स्वच्छता रैंकिंग में सकारात्मक फीडबैक के लिये जनता को विश्वास में लेकर कार्य करने कहा। महापौर ने सभी जोन कमिश्नरों को नवनिर्वाचित परिषद के प्रथम सम्मिलन के 3 दिनों के भीतर वार्ड पार्षदों की बैठक लेकर जलसंकट पर संज्ञान लेने कहा है। महापौर ने बैठक में अधिकारियों को नगर निगम के मूलभूत कार्यों पर विशेष ध्यान देकर फोकस करने के निर्देश दिये। उन्होंने नगर निगम के कार्यो की मूलभूत आवश्यकता शहर में सफाई, पेयजल, सड़क बत्ती संबंधी कार्यों को प्राथमिकता देने कहा।





### प्रापर्टी टैक्स वसूलने लगाएं शिविर, समीक्षा में आयुक्त ने दिया निर्देश

**रायपुर।** लोगों से प्रापर्टी टैक्स वसूलने में बिरगांव निगम पिछड़ गया है। इसमें तेजी लाने और रिकवरी की स्थिति जांचने के लिए निगम आयुक्त युगल किशोर उर्वषा ने राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इसमें पाया गया कि अभी तक लगभग 60% वसूली जिम्मेदार कर पाए हैं, जो शासन द्वारा तय लक्ष्य 80% से कम होने पर आयुक्त ने नाराजगी जताते हुए 31 मार्च तक 100% वसूली के लिए निर्देशित किया है। निगम आयुक्त ने वसूली में तेजी लाने के लिए सभी टैक्स दाताओं को व्हाट्सअप और मैसेज भेजने कहा है। वार्डों में शिविर लगाने, बकायदारों की लिस्ट बनाने के बाद राजस्व अधिकारियों को डोर टू डोर संपर्क और वसूली करने निर्देश दिया है। टैक्स नहीं पटाने वाले बकायदारों को विधिवत बिल, नोटिस, कुर्की की कार्रवाई करते हुए लोक अदालत में केस प्रस्तुत करने और बड़े बकायादारों का नाम उनके निवास एवं कार्यस्थल के पास फ्लैक्स, होर्डिंग के माध्यम से सार्वजनिक करने का निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिया है। राजस्व अधिकारी दीपक दीवान ने बताया कि ऐसे टैक्स दाता जिन्होंने टैक्स नहीं दिया, उन्हें डिमांड बिल, नोटिस भेज रहे हैं।

# मस्जिदों में मुतवल्ली की नियुक्ति पर समाज के लोग खफा, वक्फ बोर्ड का घेराव कर नारेबाजी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

देश में वक्फ संशोधन बिल तथा प्रदेशभर की मस्जिदों में मुतवल्ली नियुक्ति को लेकर मुस्लिम समाज के लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। इसी नाराजगी के कारण शुक्रवार को प्रदेश के अलग-अलग जिलों से पहुंचे मुस्लिम समाज के लोगों ने राजधानी रायपुर स्थित वक्फ बोर्ड कार्यालय का घेराव कर दिया। इस दौरान लोगों ने वक्फ संशोधन बिल तथा मस्जिदों में सनातन धर्म के लोगों की नियुक्ति का जमकर विरोध करते हुए नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने मस्जिदों में मुतवल्ली की नियुक्ति के लिए चुनाव कराने की मांग करते हुए वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सलीम राज को ज्ञापन भी सौंपा।

इधर वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष का कहना है कि जो संशोधन बिल लाया गया है, वह मुस्लिम समाज के हित में है। इसका विरोध करना गलत है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म के लोग भले ही मुस्लिम समाज के धर्म से अच्छी तरह वाकिफ नहीं हैं, लेकिन वे उनके हित के लिए ही कार्य करेंगे। राजधानी रायपुर स्थित वक्फ बोर्ड कार्यालय में आज मुस्लिम समाज के लोगों ने ही घेराव कर दिया। घेराव करने वाले लोग प्रदेश के अलग-अलग शहरों से आए थे। इनमें बिलासपुर, अंबिकापुर एवं कांकेर सहित अन्य जिलों से पहुंचे थे। इनमें किसी शहर से वक्फ संशोधन बिल का विरोध करने पहुंचे थे, तो अन्य शहरों से मस्जिदों में मुतवल्ली की नियुक्ति को लेकर विरोध करने पहुंचे थे। सभी शहरों से आए समाज के लोगों ने कार्यालय के बाहर पहले नारेबाजी करते हुए संशोधन बिल और मुतवल्ली की नियुक्ति को लेकर जमकर प्रदर्शन किया।



#### कई शहरों की मस्जिदों में बवाल

उल्लेखनीय है कि रमजान का महीना शुरू होने वाला है। इससे पहले ही प्रदेशभर की अलग-अलग मस्जिदों में मुतवल्ली की नियुक्ति कर दी गई है, जिसे लेकर अब कई शहरों के मस्जिदों में बवाल मच गया है। कई मस्जिदों में सनातन धर्म के लोगों की नियुक्ति कर दी गई है, जिसका समाज के लोग विरोध पर उतर आए हैं। समाज के लोगों का कहना है कि एक सनातन धर्म का व्यक्ति कैसे उनके धर्म को समझ सकता है, इसलिए वे अब नियुक्ति को रद्द करने के साथ मस्जिदों में चुनाव कराकर मुस्लिम समाज के लोगों को मुतवल्ली नियुक्त करने की मांग कर रहे हैं।

#### लोगों से चर्चा कर उन्हें शांत कराया

वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सलीम राज ने प्रदर्शनकारियों में शामिल अलग-अलग शहर से आए समाज के प्रमुख लोगों से चर्चा कर उन्हें शांत कराया। इस दौरान सभी शहरों के समाज प्रमुखों ने उन्हें ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन के माध्यम से मुतवल्ली की नियुक्ति को रद्द करने के साथ मस्जिदों में इनकी नियुक्ति के लिए चुनाव कराए जाने की मांग की।

# वाटर वर्ल्ड रायपुरा सहित बड़े बकाएदारों से 24 लाख रुपए की वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नगर निगम के राजस्व विभाग की टीम ने शुक्रवार को वाटर वर्ल्ड रायपुरा के साथ अन्य एक व्यक्ति से बकाया राशि वसूली है। इनमें वाटर वर्ल्ड पर 19 लाख 45 हजार 240 रुपए बकाया था। बकाया राशि के लिए निगम ने कई बार उसे नोटिस भी जारी किया था, लेकिन इसके बाद भी बकाया राशि जमा नहीं की जा रही थी। इस मामले में टीम ने सख्ती दिखाते हुए राशि वसूल की। इसी प्रकार पंडित जवाहरलाल नेहरू वार्ड में भरत कुमार अग्रवाल पर 4 लाख 39 हजार 823 रुपए बकाया था। यह राशि भी वसूल की गई।

जोन 8 कमिश्नर एके हालदार के निर्देश पर सहायक राजस्व अधिकारी प्रमोद जाघव के नेतृत्व में राजस्व निरीक्षक सुनील रघुवंशी, नीलम सहारे, सहायक राजस्व निरीक्षक रत्नदीप करवाडे. सहित अन्य कर्मचारियों की टीम ने बड़े बकायेदारों से बकाया राशि वसूल करने की कार्यवाही की। उल्लेखनीय है कि राजस्व विभाग कुल 23 लाख 85 हजार 63 रुपए की राशि वसूल चुका है। इसके पूर्व तक 10 लाख 29 हजार 201 रुपए की राशि वसूल की गई थी। इस तरह अभी तक कुल 34 लाख 14 हजार 264 रुपए राजस्व विभाग ने वसूला है।



# पीसीसी के निशाने पर जुनेजा, अमरजीत और दो जिलाध्यक्ष, कार्रवाई की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



कांग्रेस कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक के दौरान संगठन के अनुशासन को लेकर गहन चर्चा हुई। पार्टी नेताओं द्वारा संगठन और प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ की गई बयानबाजी पर नाराजगी जताई गई। जिन लोगों ने पीसीसी अध्यक्ष के खिलाफ बयान दिया है, उन पर कार्रवाई के लिए अध्यक्ष को अधिकृत किया गया है।

इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई हो सकती है। वहीं बिलासपुर जिले के दोनों जिलाध्यक्षों को भी शो-कॉज नोटिस, अमरजीत भगत के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग उठी है। ये फैसला कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया है। बैठक में प्रर्वतन निदेशालय द्वारा पार्टी संगठन पर की जा रही द्वेषपूर्ण कार्यवाही के विरोध में आंदोलन की रणनीति पर चर्चा हुई। पार्टी फोरम से बाहर संगठन के विरोध में सार्वजनिक बयानबाजी करने वाले पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं पर अनुशासनात्मक कार्यवाही के संबंध में चर्चा नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव परिणाम की समीक्षा संगठन विस्तार पर चर्चा हुई। दीपक बैज ने बताया कि निकाय चुनावों में हार को लेकर पीसीसी अध्यक्ष और संगठन के खिलाफ बयान बाजी को लेकर जो बयान आए थे, उन मामलों में कार्यकारिणी की बैठक में विचार करने के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को कार्रवाई के लिए अधिकृत किया गया। साथ ही कार्यकारिणी ने ईडी की कार्यवाही मामले में सड़क की लड़ाई लड़ने का निर्णय लिया गया है। मामले में जिला और प्रदेश स्तर पर प्रदर्शन किए जाने का निर्णय लिया गया है।

## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत का सम्मिलन 7 मार्च को

**धमतरी।** कलेक्टर एवं विहित प्राधिकारी नम्रता गांधी की उपस्थिति में 7 मार्च को जिला पंचायत का सम्मिलन होगा। सुबह 11 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित इस सम्मिलन में छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 32 के अधीन जिला पंचायत के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष के लिए निर्वाचन होगा।

### ग्रामीण पटेल संघ की बैठक 3 मार्च को

**मगरलोड।** राजस्व ग्राम पटेल संघ मगरलोड तहसील की बैठक 3 मार्च को दोपहर 1 बजे गायत्री मंदिर परिसर मगरलोड में रखी गई है। बैठक में संगठन, गतिविधि एवं अन्य विषयों पर चर्चा होगी। यह जानकारी अध्यक्ष रेखनारायण साहू, सचिव घनश्याम ध्रुव, कोषाध्यक्ष हुलास साहू ने दी है।

### आदिवासी गोंड समाज का वार्षिक अधिवेशन 2 को

**डांडेसरा(धमतरी)।** आदिवासी गोड़ समाज मुड़ा भुसरेंगा, परिक्षेत्र डाही का वार्षिक अधिवेशन 2 मार्च को आदिवासी समाज भवन भुसरेंगा में रखा गया है। मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरूद होंगे। अध्यक्षता ठाकुर राम मंडावी अध्यक्ष मुड़ा भुसरेंगा करेंगे। विशिष्ट अतिथि सुभाष कतलाम परिक्षेत्र अध्यक्ष डाही, भीखम नेताम संरक्षक परिक्षेत्र डाही, डीआर गौतम मुड़ा अध्यक्ष धौराभाठा, गिरधारी नागवंशी मुड़ा बोड़रा, दीनदयाल मंडावी परिक्षेत्र डोमा, विक्रम मंडावी विवेचक परिक्षेत्र डाही, चन्द्रसेन नेटी कोषाध्यक्ष परिक्षेत्र डाही, टोकेश्वर नेताम परिक्षेत्र डाही मीडिया प्रभारी होंगे।

### कबीर आश्रम सेमरा में सत्संग 4 मार्च से

**धमतरी।** कबीर आश्रम सेमरा (भखारा) के तत्वावधान में 4 से 6 मार्च तक कबीर सत्संग समारोह का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य वक्ता संत धर्मेंद्र साहेब कबीर पारख संस्थान प्रयागराज उत्तरप्रदेश होंगे।

**संत समागम : रायपुर रोड स्थित कबीर मंदिर में दो दिवसीय वार्षिक संत समागम का हुआ समापन**

# अंधविश्वास को दूर कर सत्य का मार्ग दिखाता है कबीर का पारख सिद्धांत : बलवान साहेब

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्थानीय रायपुर रोड स्थित कबीर मंदिर में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक संत समागम में बोलते हुए मुख्य वक्ता ढेठा आश्रम से पधारे संत बलवान साहेब ने कहा कि कबीर के पारख सिद्धांत अंधविश्वास को दूर कर सत्य का बोध कराता है। सत्य का बोध होने पर व्यक्ति विवेकवान और विचारवान बनता है। कबीर ने लोगों को विवेकवान और विचारवान बनाया। विवेकवान और विचारवान व्यक्ति ही सुखमय जीवन व्यतीत कर सकता है।

उन्होंने कहा कि जीवन के हर क्षेत्र में विवेक की आवश्यकता होती है। व्यक्ति का सबसे बड़ा दुश्मन उसका विकार है, मन में यदि समझदारी आ जाए तो विकार दूर होते हैं। संतों के संग से ज्ञान की प्राप्ति होती है। कबीर के पारख सिद्धांत का मूल मंत्र ही पहले जानो फिर मानो है। यहां महासमुंद में आयोजित संत समागम ही सच्चा कुंभ है, इस समागम कुंभ में नहाने वाले को ज्ञान की प्राप्ति होना स्वाभाविक है। बांग्लादेश में निरअपराध मारे जा रहे हैं। धर्म के नाम पर खूनी खेल सदियों से खेला जाता रहा है। कबीर साहेब के जमाने में भी यह सब होता था, इसलिए उन्होंने आदर्श मानव समाज की स्थापना के लिए पारख सिद्धांत का मूल मंत्र दिया। संसार में जो आता है वे सभी जीना चाहते हैं, चींटी से लेकर हाथी पर दया, करुणा का भाव होना चाहिए। उन्होंने अंगुलिमाल की कथा का बखान करते हुए बताया कि कैसे बुद्ध ने उन्हें डाकू से महात्मा बनाया। संत-महात्माओं में ही ज्ञान की वह ताकत होती है, जो बुरे लोगों को कल्याण के मार्ग पर ला सकती है। दिल्ली से पधारे संत टकसार साहेब ने कहा कि छग संतों की धरती है, यहां से बड़े-बड़े संत हुए हैं, जो जनकल्याण के लिए मार्गदर्शन का काम किया है। उन्होंने बड़े-बड़े गौंटिया, धनवान परिवारों में आ रही खान-पान की विकृति पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि मातृशक्ति अपने बच्चों को संस्कारवान बनाएं और शुद्ध सात्विक खान-पान के लिए सभी को प्रेरित करें। धमतरी परसट्ठी आश्रम से पधारे हरेंद्र साहब ने आधुनिक शिक्षा पर प्रहार करते हुए कहा कि वर्तमान की शिक्षा केवल रोटी, कपड़ा, मकान की शिक्षा बनकर रह गई है। पहले के किताबों में कबीर, मीराबाई, तुलसीदास, सूरदास, तुकाराम जैसे संत महात्माओं और महापुरुषों की वाणी का समावेश होता था। लेकिन, धीरे-धीरे यह सब पाठ्यक्रम से हटा दिया गया है. पहले जब विद्यालय कम थे तो बड़े-बड़े ज्ञानी महापुरुष दिखाई देते थे। लेकिन, आज विद्यालय बढ़े हैं किंतु संत-महात्मा नहीं। विद्यालय से शब्द मिलता है लेकिन महात्मा शब्दों के साथ-साथ संस्कार भी देता है। मातृ शक्ति को चाहिए कि वे जीजाबाई बनकर अपने पुत्रों को शिवाजी बनाएं। संत समागम को धमतरी से पधारे रमेश साहेब, बुरहानपुर से पधारे पूनम साहेब, भिलाई से पधारे निकटेश्कर साहेब आदि ने संबोधित किया। बीच-बीच में संत समाज ने मंत्रमुग्ध करने वाले भजनों का भी गायन किया।





**नवनिर्वाचित नपाध्यक्ष ने लिया साधु-संतों का आशीर्वाद**

कार्यक्रम में नवनिर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू भी पहुंचे थे, उन्होंने बलवान साहेब का पुष्पहार से अभिनंदन किया। निखिलकांत का कबीर आश्रम पहुंचने पर नंदकुमार साहू, मुकुंद साहू, मंगलूराम साहू, डॉ. तुलसीराम साहू ने स्वागत किया। इस दौरान आशीर्वचन देते हुए बलवान साहेब ने कहा कि भोजन हम जब करते हैं तो उसका स्वाद केवल मुख प्राप्त नहीं करता बल्कि भोजन के तत्व शरीर के सभी अंग प्राप्त करते हैं। उसी प्रकार समाज, परिवार में मुखिया का दायित्व बढ़ जाता है। मुखिया को चाहिए कि वे परिवार व समाज का तन मन धन से सेवा करें। अंत में कबीर साहेब की आरती हुई। पश्चात कबीर मंदिर समिति की ओर से संत समागम में पधारे साधु, साध्वियों को यथा योग्य भेंट दक्षिणा प्रदान कर आशीर्वचन लिया। पश्चात उपस्थित सभी कबीरपंथी समाज के लोगों ने गुरुजनों को यथायोग भेंट पूजन कर प्रणाम किया। अंत में उपस्थितजनों को महाप्रसादी का वितरण किया गया। व्यवस्था में मंदिर के व्यवस्थापक जितेंद्र साहेब अपने साधु समाज व समिति के सदस्यों के साथ सेवा में जुटे रहे।

## कांग्रेस भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**महासमुंद।** स्थानीय कांग्रेस भवन में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व अधिवक्ता नरेंद्र दुबे के पिता स्व. डॉक्टर छविराम प्रसाद दुबे के स्वर्गवास एवं युवा कांग्रेस कमेटी के सदस्य भागीरथी साहू के असमय निधन पर कांग्रेस कमेटी के सदस्यों द्वारा 2 मिनट का मौन धारण कर मृत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर, खिलावन बघेल शहर अध्यक्ष, खिलावन साहू ग्रामीण अध्यक्ष, दाऊलाल चंद्राकर, कृष्ण चंद्राकर, लक्ष्मी देवांगन, मनोजकांत साहू, गौरव चंद्राकर, गुरमीत चावला, प्रदीप चंद्राकर, निर्मल जैन, कविता तिवारी, ममता चंद्राकर, लक्ष्मी सोनी, सोनम रामटेके, ईशा टंडन एवं पार्षदगण विजय साव, सूरज नायक, मुस्ताक विक्की खान, जय देवांगन, गुलशन साहू, टोमन सिंग कागजी, मिंदर चावला, कातिका पैकरा, पिंकी बघेल, नुकेश महंत, देवेश शर्मा, शाहबाज राजवानी, अक्षय साकरकर, अजय थवाईत, सतीश कन्नौजे, पूर्व पार्षद राजेश नेताम, गोविंद चंद्राकर, सचिन गायकवाड़, तबरेज खान, जब्बर चंद्राकर, राजा झलप, दीपक शेट्टी, वेद प्रकाश साहू, बसंत चंद्राकर, गोपाल चंद्राकर, अमित, कृष्णा, हितेंद्र सिंह, रवि ध्रुव, दीपेश रामटेके, भानू सोनी समेत अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।



## एम कॉम फाइनल की प्रावीण्य सूची में बरखा शामिल

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य महविद्यालय में एम कॉम फाइनल की छात्रा बरखा राठी ने पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के प्रावीण्य सूची में चौथा स्थान हासिल कर माहेश्वरी समाज, अपने माता-पिता एवं शहर का गौरव बढ़ाया है।

उल्लेखनीय है कि बरखा के पिता प्रफुल्ल एवं माता सरोज राठी शहर के सफल एवं प्रतिष्ठित व्यवसायी है तथा वार्ड क्र.14 गंजपारा के निवासी है। बरखा शुरू से मेधावी छात्रा रही। बीकाम की परीक्षा 2022-23 में प्रदेश के टॉप टेन में 10वां स्थान प्राप्त कर क्षेत्र को गौरवान्वत किया था। एम काम फाइनल 2024-25 में 78 प्रतिशत अंक अर्जित की है। बरखा एवं उनके माता पिता को गत दिनों में महाविद्यालय में आयोजित वार्षिक उत्सव के दौरान मेडल, मोमेंटो प्रशस्ति पत्र भेंटकर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, नवनिर्वचित पार्षदगण देवीचंद राठी, पवन पटेल, सोसायटी अध्यक्ष रमेश साहू, जनभागीदारी समिति के सदस्य महेश मक्कड़, संस्था की प्रभारी प्राचार्य रीता पांडेय के हाथों सम्मानित किया गया। छात्रा की सफलता पर माहेश्वरी समाज अध्यक्ष पन्नालाल चांडक, सचिव पारस चांडक एवं पदाधिकारियों ने हर्ष जताया है।



## समावेशी शिक्षा पर जिला स्तरीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- प्राथमिक एवं उप्राशा के प्रधान पाठकों को किया आमंत्रित

समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महासमुंद स्थित शासकीय आशीबाई गोलछा में जिला स्तरीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के तहत जिले के सभी विकासखंडों के विभिन्न स्तरों के शिक्षकों, प्राचार्यों, दिव्यांग बच्चों के पालकों एवं होम बेस्ड शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों के अभिभावकों को प्रशिक्षित किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिवस जिले के पांचों विकासखंडों के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शालाओं के प्रधान पाठकों को आमंत्रित किया गया। द्वितीय दिवस हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी के प्राचार्यों का उन्मुखीकरण किया गया। तृतीय दिवस प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शालाओं के शिक्षकों को समावेशी शिक्षा की अवधारणा से अवगत कराया गया। चतुर्थ दिवस दिव्यांग बच्चों के पालकों को प्रशिक्षित किया गया। जबकि, पंचम दिवस होम बेस्ड शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों के पालकों को आवश्यक जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर बीआरपी अनिता निर्मलकर एवं रंभा जायसवाल ने समावेशी शिक्षा की अवधारणा, दिव्यांग बच्चों की पहचान, उनके अधिकारों एवं सरकारी योजनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी दी। साइड सेवर के मुकेश कुमार निषाद एवं महावीर प्रसाद सेन ने भी अपनी महत्वपूर्ण बातें साझा कीं। डीएमसी रेखराज शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि दिव्यांग बच्चे हमारे समाज के महत्वपूर्ण अंग हैं, जिन्हें बचपन से ही विशेष देखभाल और शिक्षण सहायता की आवश्यकता होती है। उनकी शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए उनका स्कूलों में अनिवार्य रूप से नामांकन होना चाहिए और सरकार द्वारा प्रदत्त सभी सुविधाओं का लाभ उन्हें समय पर मिलना चाहिए। यू-डाइस में इनका नामांकन सुनिश्चित कर, दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाकर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारा कर्तव्य है। एपीसी आईडी डीएन जांगड़े ने कहा कि जिले के सभी दिव्यांग बच्चे शिक्षा की मुख्यधारा में बने रहें, इसके लिए शिक्षकों, पालकों एवं समुदाय को एकजुट होकर कार्य करना होगा।

इस अवसर पर एपीसी संपा बोस, बीआरसीसी महासमुंद जागेश्वर सिन्हा, स्पेशल एजुकेटर तुलसी साहू, सीएसी पवन साहू, केशव साहू, भुनेश्वर साहू उपस्थित रहे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम समावेशी शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा, जिससे दिव्यांग बच्चों को उनकी योग्यता एवं क्षमता के अनुरूप शिक्षण सहायता प्राप्त हो सकेगी।



## ब्लाक स्तरीय खेलकूद स्पर्धा, विजेताओं को किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नेहरु युवा केंद्र एवं शांत्रीबाई कला वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 28 फरवरी को ब्लाक स्तरीय खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित एव माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। ब्लाक स्तरीय खेल प्रतियोगिता में कबड्डी, रस्साकस्सी, दौड़, गोला फेंक का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माखन पटेल ने कहा कि ना जीतना जरूरी है ना हारना, जरूरी है खेल। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माखन पटेल, विशिष्ट अतिथि देवीचंद राठी, चंद्रशेखर बेलदार, जितेन्द्र ध्रुव एवं अध्ययक्षता प्राचार्य डॉ. सविता चंद्राकर ने की। ब्लाक स्तरीय खेल प्रतियोगिता में महिला वर्ग रस्सा कस्सी में प्रथम होमेश्वरी साहू एवं टीम, रस्सा कस्सी द्वितीय पायल चंद्राकर, महिला वर्ग 100 दौड़ में प्रथम अन्नपूर्णा, द्वितीय लकेश्वरी दीवान, गोला फेंक में प्रथम राशि, द्वितीय पायल चंद्राकर, पुरुष वर्ग कबड्डी में प्रथम भुनेशवर एवं टीम, द्वितीय मुकेश भोई एवं टीम, 200 दौड़ में प्रथम पार्थिव, द्वितीय नीलकमल ध्रुव, गोला फेंक में प्रथम पार्थिव, द्वितीय लोकेश रहे। रेफरी की भूमिका भक्तमनी साहू, कृष्णा कुमार ने निभाई। सभी विजेता प्रतिभागियों को मोमेंटो, मेडल, प्रमाण पत्र एवं खेल पुरस्कार दे कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शांत्रीबाई कला वाणिज्य एव विज्ञान महाविद्यालय से मेनका चंद्राकर ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में एनएसएस प्रभारी गायत्री चंद्राकर, शत्रुघन पटेल , गुलाब चंद्राकर, नारायण चंद्राकर, विष्णु चंद्राकर, भेपेंद्र साहू, कृतेश चंद्राकर, एचएम वर्मा, नेहरु युवा केंद्र से अशोक चक्रधारी, राजेश कन्नौजे, खोमन कन्नौजे, केशव चेलक, रमेश मारकंडे, सौरभ साहू आदि उपस्थित रहे।



## दो बाइक में सवार चार युवक हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसे में दो बाइक में सवार चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार की रात्रि रायपुर निवासी राकेश तिवारी व प्रमोद गुंजल धमतरी की तरफ से अपने घर रायपुर जा रहे थे। नेशनल हाईवे से गुजर रही उनकी बाइक को ग्राम संबलपुर के पास तेज रफ्तार लग्जरी बस ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर संजीवनी 108 व रक्तदान संस्था की एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए घायलों को रायपुर रिफर कर दिया। घायल मेडिकल रिप्रेजेन्टिव बताए जा रहे हैं। वे धमतरी से काम निपटाकर वापस घर लौट रहे थे। बहरहाल घायलों का उपचार रायपुर के अस्पताल में चल रहा है। जानकारी के अनुसार हादसे में घायल एक युवक की याददास्त चली गई है। गुरूवार की रात्रि दूसरी सड़क दुर्घटना ग्राम मुजगहन में हुई है। मुकेश यादव पिता नीलकंठ उम्र 32 वर्ष ग्राम देवकोट पुलिस चौकी कंवर निवासी व मिथिलेश नेताम पिता रोहित उम्र 35 वर्ष ग्राम लोहरसी थाना अर्जुनी निवासी बाइक क्रमांक सीजी 05 एएल 7954 में सवार होकर मुजगहन से गुजर रहे थे। इसी दौरान ट्रेलर क्रमांक सीजी 02 एन 6152 के चालक ने उनकी बाइक को ठोकर मार दी। घटना में बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

## अवैध प्लाटिंग पर निगम टीम ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- बुलडोजर चलाकर डंप मुरूम को किया जब्त

गोकुलपुर रोड शीतला मंदिर के पास खाली प्लाट में बिना परमिशन के अवैध प्लाटिंग का खेल चल रहा था। लोगों की सूचना पर निगम प्रशासन ने नोटिस भेजकर प्लाटिंग बंद करने का आदेश दिया। तीन बार नोटिस देने के बाद भी जवाब नहीं मिलने पर निगम टीम दल-बल के साथ बुलडोजर, ट्रेक्टर लेकर स्पॉट में पहुंची एवं स्पॉट में रखी अवैध मुरूम को जब्त कर डिवाइडर को बुलडोजर की मदद से समतल किया। कार्रवाई के बाद टीम ने संबंधित व्यक्ति को नियमानुसार प्लाटिंग करने का निर्देश दिया।

निगम टीम के इंजीनियर लोमेश देवांगन, वेदप्रकाश साहू, मनीष कुमार साहू, सुनील सालुंके, रामनारायण, हेमंत यादव, बंशी दीप, श्यामू सोना, गोविंद पात्रे, कुश नायक, संकेत गुप्ता, अनिल चौरे, खेमचंद, पवन हिरवानी ने बताया कि गोकुलपुर शीतला मंदिर के पास अवैध प्लाटिंग की शिकायत मिली थी, जिसका रकबा लगभग 2 एकड़ है। करोड़ों की इस जमीन पर निगम से बगैर परमिशन के गुपचुप तरीके से प्लाटिंग कर निगम को लाखों का नुकसान पहुंचा रहा था। नोटिस के बाद भी संबंधित व्यक्ति पर कोई असर नहीं हुआ। खाली प्लाट में मुरूम डालकर उबड़-खाबड़ जमीन को समतल किया जा रहा था। प्लाटिंग के बाद चिन्हांकित जमीन पर सड़क बनाने मुरूम बिछाने का काम जारी था। प्लाटिंग के लिए दर्जनों हाइवा मुरूम डंप किया गया था। शुक्रवार को निगम की टीम मौके पर पहुंची और बनाई गई सड़क को बुलडोजर से उखाड़ा एवं समतल किया। डंप मुरूम को जब्त कर लिया गया है। कार्रवाई के दौरान संबंधित व्यक्तियों ने वैधानिक दस्तावेज नहीं दिखाया।



छत्तीसगढ़ शासन, ग्रामोद्योग विभाग, हाथकरघा संचालनालय के सौजन्य से
छत्तीसगढ़ कोसा एवं कॉटन हाथकरघा वस्त्रों की
भव्य प्रदर्शनी सह-विक्रय
दिनांक - 25.02.2025 से 03.03.2025 तक
समय- प्रातः 11.00 बजे से रात्रि 09.00 बजे तक
स्थान - रेलवे स्टेशन रोड गुरुनानक, हॉल, महासमुन्द
छत्तीसगढ़ प्रदेश के आकर्षक
कोसा एवं कॉटन वस्त्रो का संग्रह
महामहिम राष्ट्रपति जी द्वारा पुरूस्कृत छत्तीसगढ़ के हाथकरघा कुशल बुनकरो द्वारा निर्मित उत्कृश्ट कलात्मक वस्त्रो का प्रदर्शन
★ उत्कृष्ट कलात्मक कोसा साड़ीयाँ
★ कोसा मलमल, कोसा ड्रेस मटेरियल
★ कोसा सलवार शूट कोसा बापता
★ कोसा जॉकेट, कोसा शॉल
★ कॉटन सड़ियाँ शर्टिंग, सलवार शूट
★ दुपट्टा, बेडशीट, पिलो, कव्हर, रूमाल
★ लुंगी, टॉवेल, नेपकीन, गमछा इत्यादि
प्राकृतिक रंगो से निर्मित वस्त्र महनमोहक रंगो एवं आकर्षक डिजाइनों में उपलब्ध है।
विशेष छूट 20%
प्रायोजक - छत्तीसगढ़ शासन, ग्रामोद्योग विभाग, हाथकरघा संचालनालय रायपुर (छ.ग.)
आयोजक - जिला हाथकरघा कार्यालय, महासमुंद

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### विनोद चंद्राकर होंगे बलौदाबाजार पर्यवेक्षक



**महासमुंद।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश के सभी जिलों के जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा नगर निगमों, नगर पालिकाओं में सभापति व नेता प्रतिपक्ष चयन के लिए पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। इसी तारतम्य में पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद लाल चंद्राकर को बलौदाबाजार का पर्यवेक्षक बनाया है।

### करणी प्लांट की बढ़ती जा रही समस्या : चोपड़ा



**महासमुंद।** पूर्व विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा ने विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि तुमगांव से लगे मां करणी कृपा पावर प्लांट की समस्याएं दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है, जिसका समाधान करना आवश्यक हो गया है। चोपड़ा ने बताया है कि प्लांट से प्रदूषण बढ़ रहा है। फसलों को नुकसान हो रहा है। इसके साथ ही प्लांट होने के कारण और भी बहुत सी समस्याएं सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में औद्योगिक अशांति फैली हुई है। प्लांट की समस्याओं के चलते पूरे क्षेत्र के लोगों द्वारा आंदोलन किए जा रहे हैं। प्लांट के कारण जिन किसानों के फसलों को क्षति पहुंची है, उनको मुआवजा दिलाए जाने की पहल हो।

### टायलेट और भवन के लिए आंदोलन करेगी आप

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष राकेश झाबक ने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि अब स्कूलों के टॉयलेट और भवन के लिए आंदोलन किया जाएगा। आजादी के 78 साल बाद भी जिले के बहुत सारे स्कूलों की हालत खराब है। पूरे छत्तीसगढ़ के स्कूलों की हालत खराब है। झाबक ने कहा कि भारत आने वाले समय में दुनिया का नंबर 1 देश बनेगा। लेकिन, ग्राउंड लेवल की हालत आज भी ऐसी है, गांव में गंदगी, रोड का अभाव, स्वास्थ्य, शिक्षा, सरकार छोटे से छोटे कार्यक्रम में खर्च कर देती हैं। जिले के कार्यकर्ताओं से जिस जिस गांव में हालत ख़राब है, स्कूलों की रिपोर्ट मंगाई जा रही है और एक जल्द ही बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

## समस्या : सरायपाली नगर में बायपास सड़क निर्माण आवश्यक

# नगर के भीतर भारी वाहनों के कारण बार-बार जाम के हालात

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सरायपाली

नगर में बढ़ते वाहनों की संख्या, यातायात, लोगों व वाहनों की भीड़ व उनके आवागमन से सड़क में दुर्घटनाओं की संभावना हमेशा बनी हुई है। बेहतर व सुरक्षित यातायात व्यवस्था न होने के कारण मुख्य सड़क में हमेशा आवागमन का दबाव बना रहता है। क्षेत्र का प्रमुख व्यावसायिक व व्यापारिक केंद्र होने की वजह से व्यावसायिक वाहनों के आने जाने से भी लगातार सड़क में दबाव बनते रहता है।

सारंगढ़, सरसींवा व भंवरपुर मार्ग से ओडिशा व रायपुर तरफ जिन ट्रकों व व्यावसायिक वाहनों को आना व जाना है तो उन्हें सरायपाली नगर के अंदर से ही होकर आना व जाना पड़ता है। इन मार्गों का कोई वैकल्पिक मार्ग नहीं होने से ट्रक चालकों को मजबूरीवश नगर के अंदर प्रवेश करना ही पड़ता है, जिस वजह से मुख्य मार्ग में यातायात का दबाव व वाहनों की भीड़ बढ़ जाती है। मुख्य मार्गों पर स्कूल व कॉलेजों के खुल जाने से भी सड़कों में भीड़ बढ़ रही है। वर्तमान में नगर की सुंदरता व बेहतर यातायात व्यवस्था उपलब्ध हो सके, इस के लिए गौरव पथ का निर्माण चल रहा है। किंतु, रुक-रुककर धीमी गति से निर्माण कार्य किए जाने से यातायात व आवागमन प्रभावित हो रहा है। वही दूसरी ओर धूल उड़ने से सभी लोग हलाकान व परेशान हो रहे हैं। नगर में सर्वाधिक खतरा थाना चौक के पास बना रहता है। चौक से सरसींवा की ओर जानी वाली सड़क मुख्य मार्ग से नीचे होने के कारण चढ़ाई में थोड़ी स्पीड से गाड़ी चलानी पड़ती है और यही दुर्घटना का कारण भी बनता है। नगर में बाहर से आने वाली भारी वाहनों व ट्रकों को रोके जाने की कोई वैकल्पिक व्यवस्था व मार्ग नहीं होने के कारण अभी वर्तमान में नगर के अंदर से ही यह वाहन आना जाना कर रही हैं। इसकी वैकल्पिक व्यवस्था व मार्ग के लिए नगर के बाहर लिंक या बायपास मार्ग निर्माण की मांग वर्षो से की जा रही है। नगर में अव्यवस्थित यातायात व भारी वाहनों के नगर प्रवेश व बाहर निकलने का कोई वैकल्पिक व्यवस्था व मार्ग नहीं होने के कारण सारंगढ़, सरसींवा तरफ से आने व जाने वाली भारी वाहनों को नगर के भीतर से ही जाना मजबूरी हो रही है। जिसके चलते हमेशा चक्काजाम व दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। इन सभी मुश्किलों से छुटकारा पाने के लिए बेहतर व सुरक्षित व सुगम यातायात के लिए संलग्न मानचित्र के अनुरूप एक प्रस्तावित रिंग रोड पर विचार किया जा सकता है। बैतारी चौक से एक रिंगरोड सीधे सारंगढ़, सरसींवा व पदमपुर मार्ग को जोड़ते हुए घंटेश्वरी मंदिर चौक तक बनाया जा सकता है। इस व्यवस्था से उपरोक्त समस्याओं का समाधान स्वतः ही निकल आएगा। यह प्रस्तावित सड़क नगर के बाहर बनाया जाना चाहिए।




### विधायक को दी गई प्रस्ताव की जानकारी

इस संबंध में नागरिकों का कहना है कि यदि यह प्रस्ताव उचित लगे या और कोई सुझाव हो तो उस पर विधायक, जनप्रतिनिधियों, विभिन्न संघ, संगठन, पार्टी से जुड़े नेताओं, प्रशासन व नगरवासियों को इस पर पहल कर मार्ग निर्माण का प्रयास किया जाना चाहिए। इस संबंध में विधायक चातुरी नंद को इस प्रस्ताव की जानकारी दी गई है। इस प्रस्ताव को नगर के बेहतर व सुरक्षित यातायात के लिए महत्वपूर्ण बताया। विधायक चातुरी नंद ने बताया कि इस प्रस्तावित लिंक बाइपास मार्ग निर्माण के लिए वे मुख्यमंत्री व लोक निर्माण मंत्री के समक्ष प्रस्ताव रखकर इसके शीघ्र स्वीकृति व निर्माण किए जाने की मांग करूंगी ताकि, जनसुविधा आमजनता व आम वहां चालकों को भी मिल सके।

## नगरीय प्रशासन मंत्री से मिले नपाध्यक्ष




**महासमुंद।** नगर पालिका महासमुंद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने उपमुख्यमंत्री (नगरीय प्रशासन विभाग) अरुण साव से रायपुर स्थित उनके निवास पहुंचकर सौजन्य भेंट किया। इस अवसर पर उन्होंने मंत्री से नगर विकास में सहयोग करने आशीर्वाद मांगा। साथ ही नगर पालिका महासमुंद के विभिन्न लंबित विकास कार्यों को लेकर उनसे चर्चा की। निखिल ने मंत्री साव से बहुप्रतीक्षित मांगों को पूर्ण करने की मांग की।

## लापरवाही, विभाग ने थमाया एक लाख 35 हजार का बिजली बिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने कहा है कि एक तरफ साय की भाजपा सरकार में बिजली कटौती, लो वोल्टेज और फेस चेंज करना चरम पर है।

वहीं हद तो तब हो गयी जब एक आम आदमी का बिल एक लाख 35 हजार भेजा गया। ऐसी लापरवाही सिर्फ भाजपा सरकार में ही देखने मिलती है। अंकित ने बताया कि अब उस एक आम आदमी को इस बिल को माफ करवाने दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर होना पड़ रहा है।




अंकित ने इस लापरवाही के लिए कर्मचारियों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। साथ ही बिल में सुधार की मांग की है।

## चिरको महाविद्यालय में प्रोजेक्ट वर्किंग मॉडल का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद



शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको में प्रभारी प्राचार्य ह्यूमा लिली दीवान के निर्देशन में लता भोई सहायक प्राध्यापक रसायन विभाग द्वारा 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में साइंस एग्जीबिशन (प्रोजेक्ट वर्किंग मॉडल) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी लता भोई ने बताया कि हर साल 28 फरवरी को डॉ सीवी रमन नोबेल पुरस्कार ग्रहण करने वाले भारत ही नहीं बल्कि एशिया के पहले वैज्ञानिक थे। इस खोज के सम्मान में 1986 से इस दिन को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाने हैं। वर्ष 1954 में भारत सरकार ने उन्हें सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से प्रदान किया। जिसमें बीएससी द्वितीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने अपना-अपना प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया। एग्जीबिशन में चार समूहों में प्रथम समूह अम्ल वर्षा, द्वितीय समूह वाटर हार्वेस्टिंग, तृतीय समूह होलोग्राम व आफबाऊ सिद्धांत तथा चतुर्थ समूह वाटर प्यूरीफायर में छात्र-छात्राओं ने प्रोजेक्ट का प्रदर्शन किया। सभी प्रोजेक्ट का महाविद्यालयीन प्राध्यापकगण द्वारा निरीक्षण किया गया व छात्र-छात्राओं ने अपने प्रोजेक्ट का वर्णन किया। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएं व शिक्षकगण उपस्थित थे।

## मंत्री से स्वास्थ्य-चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े अनेक मुद्दों पर चर्चा

### प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री से मिला चिकित्सा प्रकोष्ठ और आईएमए का प्रतिनिधिमंडल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद



चिकित्सा प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ और आईएमए रायपुर के एक संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा के प्रतिनिधित्व में विधानसभा परिसर में छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से भेंट की।

चिकित्सा प्रकोष्ठ और आईएमए के सदस्यों ने वित्तीय वर्ष 2025 के अनुपूरक बजट में आयुष्मान भारत योजना के लंबित भुगतान के लिए 1550 करोड़ की राशि को शामिल करने के लिए स्वास्थ्य मंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया। स्वास्थ्य मंत्री से भेंट कर प्रतिनिधिमंडल ने चर्चा की, कि जिन अस्पतालों पर अनियमितता बरते जाने के कारण कार्रवाई की गई है उन सभी अस्पतालों को एक और अवसर प्रदान किया जाना चाहिए, जिससे वह अपने अस्पतालों का संचालन और सभी कार्यों का क्रियान्वयन सही से कर सकें। अगर इन सभी के बावजूद किसी अस्पताल द्वारा अनियमितता बरती जाती है तो चिकित्सा प्रकोष्ठ और आईएमए द्वारा उन अस्पताल को किसी भी प्रकार से सहयोग नहीं किया जाएगा। फिर शासन और प्रशासन स्वतंत्र है उनके ऊपर कार्रवाई करने के लिए। प्रतिनिधिमंडल ने आयुष्मान भारत योजना के पैकेज को बढ़ाने की मांग रखी और कहा कि महंगाई बढ़ रही है, पिछले पैकेज को बने हुए 10 वर्ष हो चुके हैं। अब नए पैकेज की आवश्यकता है। पैकेज के दर को बढ़ाया जाए तथा निगरानी समितियां बनाई जाए जो समय-समय पर सभी अस्पतालों की निगरानी करें और सभी अस्पतालों के कार्यों का क्रियान्वयन नियमित और सही तरीके करवाए। इसी प्रकार स्वास्थ्य और चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े अनेक मुद्दों पर भी स्वास्थ्य मंत्री से चर्चा की गई और उनके निराकरण की मांग की गई।

स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने प्रतिनिधिमंडल से चर्चा के बाद कहा कि सभी मामलों को नियमित किया जाएगा और चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े समस्याओं को जल्द से जल्द सुलझाया जाएगा तथा आयुष्मान भारत योजना की लंबित राशि को जल्द ही भुगतान किया जाएगा। जहां भी अनियमितता पाई जाएगी उन सभी पर जांच करते हुए कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## महासमुंद और धमतरी समेत छत्तीसगढ़ के 8 जिले राष्ट्रीय बागवानी मिशन में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

- सांसद रूपकुमारी के प्रयासों से किसानों को मिलेगा बड़ा लाभ

महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रूपकुमारी चौधरी की अथक मेहनत और दूरदर्शी सोच के चलते महासमुंद और धमतरी जिलों को राष्ट्रीय बागवानी मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत सम्मिलित किया गया है। सांसद चौधरी ने लगातार केंद्र सरकार से संवाद कर, क्षेत्र के किसानों की जरूरतों को प्राथमिकता देते हुए इस महत्वपूर्ण योजना को मंजूरी दिलाई। उनके प्रभावी नेतृत्व और किसान हितैषी दृष्टिकोण का ही परिणाम है कि महासमुंद और धमतरी के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के 6 अन्य जिलों को भी इस मिशन में शामिल किया गया है।



इस ऐतिहासिक निर्णय से इन जिलों के किसानों को बागवानी क्षेत्र में तकनीकी सहायता, आर्थिक अनुदान और आधुनिक सुविधाओं का सीधा लाभ मिलेगा। क्षेत्र के किसानों और कृषि विशेषज्ञों ने इसे कृषि क्षेत्र के लिए एक क्रांतिकारी कदम बताया है और सांसद रूपकुमारी चौधरी के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया है।

राष्ट्रीय बागवानी मिशन से किसानों को उन्नत बागवानी तकनीकों का प्रशिक्षण, आर्थिक अनुदान एवं सब्सिडी, कृषि यंत्रीकरण का लाभ, भंडारण और विपणन सुविधाएं, औद्योगिक खेती को बढ़ावा, रोजगार के नए अवसर खुलेंगे। क्षेत्र के किसानों, जनप्रतिनिधियों और कृषि विशेषज्ञों ने सांसद रूपकुमारी चौधरी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह उनके समर्पित नेतृत्व और विकासशील सोच का परिणाम है। किसानों का कहना है कि सांसद लगातार कृषि और किसान कल्याण के लिए नीतिगत फैसलों को लागू कराने में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। किसानों ने उम्मीद जताई कि इस योजना से न केवल बागवानी क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि इससे स्थानीय किसानों की आय में भी वृद्धि होगी। सांसद चौधरी ने भी विश्वास दिलाया कि वे आगे भी किसानों के हित में नई योजनाओं को लागू कराने और कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के लिए सतत प्रयासरत रहेंगी। महासमुंद और धमतरी सहित अन्य जिलों के किसानों ने सांसद रूपकुमारी चौधरी के प्रति विशेष आभार जताते हुए कहा कि यह निर्णय कृषि क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। इससे बागवानी को नई तकनीकों और सरकारी सहयोग से जोड़ा जाएगा, जिससे क्षेत्र के किसान आत्मनिर्भर बन सकेंगे और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक अपनी पहुंच बना पाएंगे। यह निर्णय छत्तीसगढ़ के कृषि क्षेत्र में एक नई क्रांति लाने वाला साबित होगा और आने वाले वर्षों में बागवानी किसानों की आय में कई गुना वृद्धि करेगा।

## आदर्श के छात्रों का दस दिवसीय इंटर्नशिप कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संचालित नवीन व्यावसायिक पाठ्यक्रम कृषि के छात्र-छात्राओं द्वारा विगत दिनों दस दिवसीय इंटर्नशीप कार्यक्रम संस्था के प्राचार्य एचके आचार्य एवं उपप्राचार्य सीएल चंद्राकर के मार्गदर्शन में व्यावसायिक प्रशिक्षक बसंत साहू द्वारा दस दिवसीय इंटर्नशीप कार्यक्रम का आयोजन वेद माता गायत्री गौशाला भलेसर एवं चंद्राकर कृषि फार्म में विगत दिनों किया गया। जिसमें कक्षा 11वीं एवं 12वीं के समस्त छात्र –छात्राओं ने भाग लिया। इस दस दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान छात्रों ने गोबर से बने दीये, मूर्ति, धूप बत्ती, गमला, सजावटी सामान, मोबाइल रेडिएशन कम करने वाले स्टीकर, गोधन अर्क (गोमूत्र) निर्माण एवं गौ पशुओं की देखभाल, आहार, चिकित्सा एवं उनके आवास के बारे में जानकारी हासिल किया गया। साथ ही गोबर गैस निर्माण एवं उसके उपयोग एवं गोबर से बने खाद – कम्पोस्ट खाद, केचुआ खाद, जीव अमृत खाद, मटका खाद आदि निर्माण एवं उनके उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। जिससे बच्चे अपने कौशल विकास कर गौ पालन को रोजगार के रूप में अपनाकर अपने जीवन यापन के लिए एक स्वरोजगार के रूप में अपनाकर जीवन यापन कर सके। साथ ही चंद्राकर कृषि फार्म में टपक सिंचाई विधि एवं उसके रखरखाव के बारे में सिखाया गया। फ़ल्टिर के प्रकार एवं फिल्टर की साफ सफाई करना सिखाया गया। टमाटर, बैगन, मिर्च, तरबूज, कद्दू फसल की खेती एवं उसके देखभाल की जानकारी दी गई। इंटर्नशिप के पश्चात इनको प्रमाण पत्र एवं मानदेय भी प्रदान किया जाएगा। प्राचार्य एच के आचार्य ने इंटर्नशिप के उद्देश्यों को समझाते हुए बच्चों से अपील की है कि इस तरह के कार्य करने से हमारे कौशल का विकास होता है, जिससे हमें रोजगार के लिए भटकना नहीं पड़ता। कार्यक्रम में अंजलि साहू, गौतमी निषाद, अदिति चंद्राकर, काजल जयसवाल, रेशमी पटेल, चित्ररेखा पटेल, तेज प्रकाश, सुजल अभय कुमार, एनकुमारी, अरविन्द कोसरे, आशा साहू, भूपेंद्र, खोमन ध्रुव, कृष सोन साहू, लोकेश कुमार, नंदनी वर्मा, निखिल, खोमन, प्रणय धीवर, सोहिल दीवान, धनंजय, जनक मालेकर आदि ने भाग लिया।



## खरोरा में सरपंच-पंचों ने निकाला विजय जुलूस



**महासमुंद।** ग्राम पंचायत खरोरा में नवनिर्वाचित सरपंच, पंचों ने विजय जुलूस निकाला और घर-घर जाकर आशीर्वाद लिया। जुलूस में सरपंच वीणा कमलेश चंद्राकर, पंचगण पंच अंजू चंद्राकर, पंच नारायण धीवर, पंच त्रिवेणी चंद्राकर, पंच संजय चंद्राकर, पंच माधुरी चंद्राकर, पंच जित्तू मानिकपुरी, पंच कल्पना कापरे, पंच हेमलता चंद्राकर, पंच राखी पटेला, पंच लता चंद्राकर, पंच महेंद्र सूर्यवंशी, पंच सरिता ढीढी, पंच राजा बंजारे, पंच गोलू चंद्राकर, पंच लाछवंती यादव आदि शामिल रहे।

एजेन्सी देना है...
हरिभूमि समाचार पत्र महासमुंद जिला के अंतर्गत **पिथौरा** में एजेंसी देना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता।
सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)
9098324969
हरिभूमि कार्यालय, महासमुंद
प्रीतम प्राईडे काम्प्लेक्स
बस स्टैण्ड के पास, मेन रोड
महासमुंद मो. 9981131365

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 15,500/
रिजर्वेशन कोच (11 दिन)
19 मार्च से 29 मार्च 2025, 09 अप्रैल से 19 अप्रैल 2025,
07 मई से 17 मई 2025, 04 जून से 14 जून 2025
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि:-स्लीपर -15500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी 93406-38884
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंड, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
यात्रा दिनांक
21 मार्च 2025
02 अप्रैल 2025
11 अप्रैल 2025
09 मई 2025
23 मई 2025
06 जून 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,501/-, 3AC-28,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866, 82757-57579
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)